INTER SCHOOL QUIZ ON EARTHQUAKE TIPS

5 Jan 2010, Allahabad

क्विज प्रतियोगिता में जगत तारन की टीम विजेता

महर्षि पतंजलि में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बोलते क्विज मास्टर। जागरण

इलाहाबाद : महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर तेलियरगंज में मंगलवार को इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आईआईटी कानपुर के राष्ट्रीय सूचना केंद्र भूकंप इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के प्री राउंड में नगर के छह विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जगत तारन गोल्डेन जुबली की टीम को विजेता घोषित किया गया। विजेता टीम में अरुणिमा सिंह, हिमांगी दास एवं प्रदुयत श्रीवास्तव शामिल रहे। क्वज मास्टर सुरेश अइलावादी ने बताया कि विजेता टीम ने सर्वाधिक 84 अंक प्राप्त किए। 80 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट रहा। इसके अतिरिक्त महर्षि पतंजलि, राजकीय इंटर कालेज, क्रास्थवेट गर्ल्स इंटर कालेज एवं इलाहाबाद पब्लिक स्कूल उप विजेता रहे। छात्रों से डा. सीवीआर मूर्ति की पुस्तक 'अर्थ क्वेक टिप्स' पर आधारित सवाल पूछे गए। क्विज को राबिन राउंड, पिक्चर राउंड, लकी नम्बर राउंड एवं रैपिड फायर राउंड में बांटा गया। कार्यक्रम का फाइनल आईआईटी कानपुर में 26 जनवरी को आयोजित किया जायेगा। कालेज की प्रधानाचार्या सुष्मिता कानूनगो ने विजेता प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षिका अल्पना दवे सहित शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

भूकंप को लेकर दिखाई चिंता

महर्षि पतंजलि में अंतरविद्यालयीय क्विज

इलाहाबाद। स्कूली किशोरों को भूकंप और इससे बचाव के बारे में जागरूक करने की कोशिशें रंग लाने लगी हैं। किशोर भी भूकंप से बचाव के उपाय बताने लगे हैं। मंगलवार को महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर में आयोजित अंतरविद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भूकंपरोधी भवन बनाने के टिप्स दिए। नेशनल इन्फार्मेशन सेंटर ऑफ अर्थक्वेक इंजीनियरिंग (एनआईसीईई) और आईआईटी कानपुर ने संयुक्त रूप से इस क्विज का आयोजन किया। पहले राउंड की इस प्रतियोगिता में जगत तारन गोल्डेन जुबिली की टीम विजेता रही। टीम की तरफ से प्रतिभागी अरुणिमा सिंह, हेमांगी दास और प्रद्योत श्रीवास्तव 26 जनवरी को कानपुर में आयोजित फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों को कई चित्र भी तैयार करने को कहा गया। एनआईसीईई के कंसल्टेंट सुरेश एलवाडी ने बताया कि वर्ष 2001 में भुज में भूकंप के बाद से लगातार जागरूकता के ध्येय से यह प्रतियोगिता कराई जा रही है।

Inter-school quiz on Earthquake Tips

ALLAHABAD: National Information Centre of Earthquake Engineering (NICEE) at IIT Kanpur is conducting an inter-school quiz competition on Earthquake Tips, the preliminary round of which was held on Tuesday at Maharshi Patanjali Vidya Mandir, Teliyarganj here and the final round of which will be conducted on Jan 26 at Outreach Auditorium, Indian Institute of Technology, Kanpur.

A need has been felt for long to include school children, who are the future builders of the country, in the activity of furthering the cause of seismic safety towards ensuring and earthquake resistant built environment in the country, which is also the mandate of NICEE. There has been overwhelming response from the schools for registering for the quiz. The registering schools were given 50 copies of "Earthquake Tips" by Dr. CVR Murty, to be used for selecting a team of four participants from each school from Class VIII to Class XI.

In the preliminary round of the quiz held on Tuesday seven schools of Allahabad, viz. MPVM, Crosthwaite Girls College, GIC, Kendriya Vidyalaya (New Cantt), Army School, Jagat Taran Golden Jubilee School and Allahabad Public School and College participated. The winning team of Jagat Taran Golden Jubilee School was represented by Ms. Arunima Singh, Ms. Hemangi Das, Mr. Pradyot Srivastava. They have qualified for the final round.

The quiz had four rounds viz. Round Robin, Picture Round, Rapid Fire Round and lucky number Round. The questions were based on the publication. "Earthquake Tips" by Dr. CVR Murty. The winning team scored 84 points.

In addition, the preliminary round will also be held in Kanpur., Lauknow, and Gorakhpur. The winners of preliminary rounds will have a grueling contest for supremacy on January 26.

It is proposed to make this an annual event with the final round of quiz being held on January 26 every year to commemorate the devastating Bhuj Earthquake of 2001.